## महत्वपूर्ण एवं खास

### बस्तर संभाग में एक-दो स्थानों पर हो सकती है हल्की वर्षा

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश में बस्तर संभाग में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है, वहीं अन्य हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के दक्षिणी भाग में बंगाल की खाड़ी से नमी आने के कारण दक्षिण छत्तीसगढ़ में आंशिक रूप से बादल छाए हुए हैं। 4 नवंबर को बस्तर संभाग में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश के शेष हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश में 6 नवंबर से न्यूनतम तापमान में गिरावट हो सकती है।

### कालीघाट जंगल में युवती की अधजली लाश मिलने से पसरा सन्नाटा,जांच में जुटी पुलिस

**मैनपाट/रायपुर (आरएनएस)।** अंबिकापुर के दरिमा थाना क्षेत्र मैनपाट रोड में कालीघाट जंगल के पास एक युवती की अधजली लाश बरामद की गई है। यह लाश पूरी तरह से नग्न हालत में मिली है, कपड़ों को जला दिया गया है। युवती का चेहरा, सीना और पैर जल चुके हैं, तो शेष बचे हिस्सों को जानवरों ने नोंच डाला है। लाश को देखने के बाद पुलिस ने युवती 20 से 25 वर्ष के बीच का बताया है, शिनाख्ती की कोशिश शुरु कर दी गई है। घटना के बारे में सुबह उस समय पता चला, जब मवेशी चराने जंगल गए ग्रामीणों की नजर पड़ी। सूचना पर एफएसएल टीम के साथ पुलिस पहुंची। शव की स्थिति देख पुलिस भी अवाक रह गई। शव क्षत-विक्षत पड़ा था और शरीर पर एक भी कपड़े नहीं थे। चेहरे, सीने और पैर पूरी तरह जले हुए थे। रही-सही कसर जानवरों ने पूरी कर दी थी। शव के अंगों को जानवरों ने नोंच दिया था। पुलिस मर्ग कायम कर आगे की जांच में जुट गई है।

### शारीरिक और मानसिक रुप से कमजोर युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर के अभनपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिरोदा में एक 25 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। चार माह पहले ही युवक की शादी हुई थी। युवक का नाम दिनेश कुमार साहू बताया जा रहा है। दिनेश शारीरिक और मानसिक दोनों ही स्थितियों में कमजोर था, जिसकी वजह से वह शादी के पहले भी तनाव में रहता था। शादी के बाद उसकी जिंदगी में तनाव और बढ़ गया, क्योंकि वह अपनी पत्नी को संतुष्ट नहीं कर पाता था। जानकारी के मुताबिक दिनेश कुमार साहू महज 25 वर्ष का था। दिनेश शुरु से ही शारीरिक तौर पर कमजोर था, जिसकी वजह से उसकी मानसिक स्थिति भी लगातार बिगड़ती चली गई। लिहाजा दिनेश ने अपनी जिंदगी से तंग आकर मौत को गले लगा लिया।

### नक्सलियों के लगाये गये बैनर व पर्चे में धर्मांतरण का किया विरोध

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के कोयलीबेड़ा थाना के ग्राम तुरसानी में मुख्य मार्ग पर बड़ी संख्या में नक्सली बैनर व पर्चे पाए गए हैं। इसमें नक्सलियों ने धर्मांतरण का विरोध किया है। साथ ही वन विभाग के कर्मचारियों पर जोर जबरदस्ती का आरोप लगा उन्हें जन अदालत में सजा देने की बात कही है। बैनर मिलने के बाद से इलाके में दहशत व्याप्त है। रावघाट एरिया कमेटी की ओर से लगाए गए बैनर व फेंके गए पर्चों में धर्मांतरण का विरोध करते हुए आदिवासियों को जागरूक होने कहा गया। 03 सौ रुपए की मजदूरी देकर छिंद के पेड़ को उखाड़ना बंद करने कहा गया है। मजदूरों पर ज्यादती करने वाले बीटगार्डो को जन अदालत में सजा देने की बात कही है। रावघाट इलाके में हो रही पेड़ कटाई का भी विरोध किया है।

### राज्यपाल ने दीपावली पर्व पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने दीपों के महापर्व दीपावली के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अपने शुभकामना संदेश में राज्यपाल ने कहा कि दीपावली का त्योहार हमारी समृद्ध वैभवशाली परंपरा का अभिन्न अंग है। उन्होंने कहा है कि दीपावली का त्योहार समस्त नागरिकों के लिए मंगलमय हो और उनका जीवन सुख-समृद्धि से भरपूर हो।

# वन विभाग के गोठानों में गोधन न्याय योजना प्रारंभ करने की करें तैयारी-कलेक्टर सिंह

## दलहन, तिलहन फसल प्रोत्साहन के लिए कृषि विभाग को दिए निर्देश



**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिंह ने वन विभाग के गोठानों में गोधन न्याय योजना को प्रारंभ करने की तैयारी करने के निर्देश वन विभाग को दिए। जिसके तहत इन गौठानों में उपलब्ध वर्मी पिट की संख्या को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने इन गोठानों में वर्मी पिट की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही शेड तथा जल प्रबंधन कराने के लिये भी निर्देशित किया ताकि गोधन न्याय योजना इन गोठानों में प्रारंभ करना सुनिश्चित किया जा सके।

कलेक्टर सिंह ने गोठानों में आने वाले पशुओं के लिए पैरा इकट्ठा प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर सिंह ने वन गोठानों में गोठान के लिए जगह संरक्षित कर शेष स्थान में से जगह चिन्हांकित कर चारागाह निर्माण करने के निर्देश दिए। उन्होंने रबी फसल की सुरक्षा की दृष्टि से चलाए जा रहे रोका-छेका अभियान को लगातार चलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने कृषि विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम को जिले में लगाए गए धान के बदले अन्य फसलों का निरीक्षण कर अगले एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग द्वारा दलहन, तिलहन के प्रोत्साहन अन्तर्गत किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली। जिस पर कृषि अधिकारी ने बताया कि बीज का वितरण किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत ब्लाक स्तर पर तिवड़ा, बटरी, सरसों एवं अलसी बीज वितरण किया जा रहा है।

कलेक्टर सिंह ने राजस्व विभाग के कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़ा का आयोजन कर शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने अविवादित नामांतरण की जानकारी तहसीलवार बना कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने वितरित वन अधिकार पट्टा की भी तहसीलवार जानकारी ली।

कलेक्टर सिंह ने कोरोना से मृत लोगो की जानकारी तहसीलवार भेजने के लिए निर्देशित किया। इसके लिए चिकित्सा अधिकारी को मृतक से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन न्याय योजना अन्तर्गत किए जा रहे पंजीयन की एंट्री की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि पंजीयन की प्रक्रिया के साथ ही एंट्री भी जल्द करावाया जाए। इसके साथ गांवों में मुनादी करवायी जाए ताकि जो लोग अब तक पंजीयन नही करवा पाए हैं वो जल्द अपना पंजीयन करवा सके। कलेक्टर सिंह ने जिले के विभिन्न ब्लाकों में किए जा रहे निर्माण कार्यो की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यो को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। पशुधन विभाग को कलेक्टर सिंह ने कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान वर्मी कपोस्ट की जानकारी लेते हुए उन्होंने वर्मी की ब्रिकी की जानकारी ली। सामुदायिक बाड़ी को अपडेट करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने बैंक को निर्देशित किया कि लाख पालन करने वाले कृषकों को ऋण उपलब्ध कराया जाए। लाख प्रोसेसिंग के लिए केसीसी जरूर बनवाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर सिंह ने हाट-बाजार के लिए जगह चिन्हांकन एवं मैपिग की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने हाट-बाजार के लिए आवश्यक वाहनों का प्रपोजल बनाने एवं स्टॉफ के लिए प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। उन्होंने शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना में जांच की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। धन्वंतरी योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर सिंह ने जिन ब्लाक में सस्ती दवा दुकान संचालित नहीं है, वहां निविदा की प्रकिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने स्लम एरिया में जेनेरिक दवाई के बारे में प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को इन मेडिकल स्टोर का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को आत्मानंद स्कूलों के भी निरीक्षण के लिए निर्देशित किया ताकि स्कूलों में अध्यापन कार्य की मॉनिटिरिग हो सके। उन्होंने कन्या छात्रावास में सीसीटीवी कैमरा लगवाने के निर्देश दिए तथा एसडीएम को निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से मिलेट कैफे एवं गढ़ कलेवा स्थापित करने के लिए शहर के व्यवसायिक स्थान में जगह चिन्हांकित करने के निर्देश दिए।

बैठक में नगर निगम आयुक्त एस.जयवर्धन, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्र, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी एवं अफवाहों पर रखे नजर-** कलेक्टर सिंह ने लॉ एण्ड आर्डर व्यवस्था की समीक्षा के तहत प्रशासनिक के साथ पुलिस अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने एसडीएम तथा एसडीओपी से कहा कि अपने स्थानीय सूचना तंत्र को और मजबूत करें। सोशल मीडिया अथवा अन्य संचार माध्यमों पर लगातार निगरानी रखें। किसी भी प्रकार की भ्रामक जानकारी अथवा अफवाह को फैलने से रोकने हेतु तत्काल सभी ऐहतियाती कदम उठाएं ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित होने से पहले उसे रोका जा सके व सामाजिक सौहार्द का माहौल बना रहे। इसके साथ ही सुनिश्चित करें कि रैली अथवा धरना प्रदर्शन के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति ली जाए। इन आयोजनों की भी नियमित मॉनिटरिंग करें ताकि कहीं भी अप्रिय स्थिति न बने।

# सभी सिनेमा हॉल कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए पूर्ण रूप से खुलेंगे

## खुले स्थानों पर सामाजिक समारोहों की मिली अनुमति



**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह के निर्देशानुसार जिले में कोरोना वायरस के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया था। वर्तमान में जिले में कोरोना वायरस के संक्रमण तथा पाजिटिव मरीजों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। जिसके परिप्रेक्ष्य में पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए नये आदेश जारी किए गए है। जिनमें सभी सिनेमा हॉल कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए शत-प्रतिशत क्षमता अनुसार पूर्ण रूप से खुलेंगे। खुले स्थानों पर सामाजिक समारोह (विवाह, आदि)की अनुमति कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करने की शर्त पर दी जाती है। किन्तु बंद हाल में, पूर्ण संख्या पर प्रतिबंध के बिना 50 प्रतिशत क्षमता तक अनुमति दी जाती है। उपरोक्त आदेश की शेष शर्ते पूर्ववत रहेंगी।

# दीपावली, छठ, गुरू पर्व एवं नया वर्ष/क्रिसमस के अवसर पर पटाखें फोड़ने की अवधि दो घंटे निर्धारित

## » केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग करने के निर्देश



**रायगढ़ ।** राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के आदेश अनुरूप दीपावली के दौरान पटाखे रात्रि 8 बजे से 10 बजे के बीच फोड़े जाने हेतु आदेश जारी किए गए है। राज्य में केवल हरित पटाखों का विक्रय एवं उपयोग सुनिश्चित किया जाए। दीपावली, छठ, गुरू पर्व तथा नया वर्ष/क्रिसमस के अवसर पर पटाखों को फोड़ने की अवधि 2 घंटे निर्धारित की गई है। जिसके तहत दीपावली के दौरान पटाखों का इस्तेमाल सिर्फ रात्रि 8 से 10 बजे तक, छठ पूजा में प्रातः 6 से प्रातः 8 बजे तक, गुरु पर्व पर रात्रि 8 से 10 बजे तक और क्रिसमस तथा नए वर्ष के आगमन पर रात्रि 11.55 से 12.30 बजे तक पटाखा चलाने की अनुमति दी है।

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुरूप पटाखों के उपयोग के संबंध में अन्य निर्देश जारी किए गए है। जिसके तहत कम प्रदूषण उत्पन्न करने वाले इम्प्रूब्ड एवं हरित पटाखों की बिक्री केवल लाईसेंस्ट ट्रेडर्स द्वारा की जा सकेगी। केवल उन्हीं पटाखों को उपयोग के लिए बाजार में बेचा जा सकेगा, जिनसे उत्पन्न ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा के भीतर हो। सीरीज पटाखे अथवा लड़ियों की बिक्री, उपयोग एवं निर्माण प्रतिबंधित किया गया है। पटाखों के ऐसे निर्माताओं का लाईसेंस भी रद्द करने के निर्देश दिए गए है। जिनके द्वारा पटाखों में लिथीयम, आर्सेनिक, एन्टिमनी, लेड एवं मर्करी का उपयोग किया गया है। ऑनलाईन अर्थात ई-व्यापारिक वेबसाईटों जैसे-क्लिपकार्ट, अमेजॉन आदि से पटाखों की बिक्री प्रतिबंधित रहेगा। पटाखों का बहुतायत में उपयोग होने से वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होती है। माननीय उच्चतम न्यायालय एवं माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल प्रिंसिपल बेंच, नई दिल्ली द्वारा पटाखों के उपयोग के संबंध में उल्लेखित आदेशों के माध्यम से जो मार्गदर्शिका जारी की गई है उसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

# बोनस को लेकर कामगारों का प्रदर्शन



**कोरबा (आरएनएस)।** धनतेरस और दीपावली से 1 दिन पहले जब सभी इस त्योहार की तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे हैं उस वक्त डीएसपीएम के ठेका मजदूर बोनस की मांग लेकर सड़क पर बैठे हैं। इन मजदूरों को कौन समझाए कि ठेकेदार बोनस कहां से देगा जब वह सिर्फ एक रुपए प्रतिदिन एक वर्कर के नाम पर मुनाफा लेता है। विद्युत संयंत्र में यह घालमेल ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहा है। पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी विद्युत ताप विद्युत संयंत्र कोरबा के मुख्य गेट के सामने बैठे यह वह मजलूम लोग हैं जिन्हें इस संयंत्र के लोग ठेका मजदूर कहते हैं। इन्हें श्रमिक नेताओं द्वारा आश्वासन दिया गया कि जैसे नियमित कर्मचारियों को पर्याप्त बोनस मिला है उतना तो नहीं लेकिन संतोषजनक बोनस उन्हें भी दिलाया जाएगा। श्रमिक नेता रामू चेट्टी ने बताया कि डीएस पीएम के सामने ही नहीं बल्कि मड़वा और एचटीपीपी के ठेका मजदूर भी आंदोलित है। जो मजदूर बोनस और वेतन बढ़ाने की मांग लेकर आंदोलित हैं इनके नाम पर विद्युत संयंत्रों में जो भर्राशाही चल रही है वह किसी से छिपी नहीं है। ठेका श्रमिक भी जानते हैं कि उनके नाम पर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। विद्युत संयंत्र कंपनी में लेबर सप्लाई का टेंडर निकाला जाता है इस टेंडर में शर्त होती है कि आप नुकसान में रेट कोट नहीं कर सकते। ऐसा इसलिए किया जाता है क्योंकि लेबर सप्लाई करने वाला ठेकेदार मजदूरों को शासन द्वारा निर्धारित वेतन और सारी सुविधाएं देगा तो उसे कुछ भी लाभ नहीं मिलेगा इसलिए टेडर में ही शर्त रहती है की रेट लाभ वाला होना चाहिए । ठेकेदार प्रति लेबर प्रतिदिन एक रुपए कोट कर देता है। सभी ठेकेदार यही रेट जब डाल देते हैं तो फिर लॉटरी के जरिए ठेकेदार का नाम तय किया जाता है। इस स्थिति में प्रतिदिन प्रति ठेका मजदूर सिर्फ एक रूपये लाभ लेने वाला ठेकेदार कैसे सभी कर्मचारियों को निर्धारित वेतन व सुविधाएं देकर बोनस भी दे पाएगा।

बिजली कंपनियों में विभिन्न केटेगरी का काम प्रतियोगिताओं में शामिल होने के साथ लेने पड़ते हैं। इसके लिए कई स्तर पर झमेलों से गुजरना पड़ता है। सभी जरूरी औपचारिकता पूरी करने के बाद भी ठेकेदार को अतिरिक्त खर्च भी करना होता है, उसका मुंशी व स्वयं का खर्च, प्रति महीने दिए जाने वाले वेतन का इंटरेस्ट सब कुछ जोड़ लिया जाए तो ठेकेदार इमानदारी से काम करने के बाद साल भर में ही करोड़पति से भिखमंगा हो जाएगा यह बात विद्युत संयंत्र के अधिकारी भी भली-भांति जानते हैं वह यह भी जानते हैं कि उन्हें प्रतिमाह ठेकेदार की तरफ से जो रकम मिलती है वह मजदूरों का हक मारकर उन्हें दी जाती है। साथ ही इस बात की जानकारी भी उन्हें होती है कि यदि ठेकेदार को सौ लेबर सप्लाई करना है तो वह अपना काम 50 वर्कर से ही पूरा कर लेता है। बहरहाल ठेका मजदूरों को उनका अधिकार मिले। ठेकेदार इमानदारी व बेईमानी से अपनी रोटी चला लेता है लेकिन मजदूर को सिवाय मजदूरी के कुछ भी प्राप्त नहीं होता इसलिए आवश्यक है कि उनके साथ न्याय हो और उन्हें भी यथोचित बोनस वेतन प्राप्त हो।

# राज्य में संचालित 186 शासकीय आईटीआई में रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु 7 नवम्बर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़ ।** छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास विभाग के अंतर्गत संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के अधीन राज्य में संचालित 186 शासकीय आईटीआई में सत्र 2021-22 एवं 2021-23 में 30 अक्टूबर 2021 के पश्चात रिक्त सीटों को संस्था स्तर पर (स्पॉट राउंट के माध्यम से)प्रवेश से भरे जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त सीटों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों से 7 नवम्बर 2021 तक ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। रिक्त सीटों पर केवल उन्हीं अभ्यर्थियों के आवेदनों पर प्रवेश हेतु विचार किया जाएगा जो 3 से 7 नवम्बर 2021 की अवधि में ऑनलाईन आवेदन किए हो। पूर्व में पंजीकृत आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। प्रवेश के इच्छुक आवेदक संस्था विशेष में उपलब्ध अधिकतम 10 व्यवसायों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेगा। अर्थात एक आवेदन में एक ही संस्था के व्यवसायों में उपलब्ध अधिकतम 10 विकल्प भर सकेगा। ऑनलाईन आवेदन रजिस्ट्रेशन हेतु पूर्वानुसार सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए 50 रुपये तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए 40 रुपये निर्धारित है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट cgiti. cgstate. gov. in पर उपलब्ध है।

# मेंटेनेंस के दौरान दुरंतो एक्सप्रेस की चपेट में आए कर्मचारी, एक की मौत, एक घायल

**रायगढ़ (आरएनएस)।** रायगढ़ जिले के भूपदेवपुर रेलवे समपार के समीप रेल पटरी मेंटेनेंस के दौरान रेलवे कर्मचारी दुरंतो एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। मौके पर ही जंहा एक की मौत हो गई तो वही दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार भूपदेवपुर रेलवे समपार के नजदीक रोजाना की तरह बसन्त राठिया और पुनीत साहू समेत रेलवे कर्मचारी पटरी मेंटेनेंस में व्यस्त थे। यह वही समय था जब मालगाड़ी बगल वाली पटरी से गुजर रही थी। लिहाजा मालगाड़ी से बचने सभी कर्मचारी दूसरी पटरी की ओर भागे । इसी दौरान खरसिया की ओर से दुरंतो एक्सप्रेस तेज रफ्तार से आ गई। लिहाजा जब तक वे खुद को बचाते तब तक दुरंतो ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया था। हादसे में बसंत राठिया निवासी काशी चुआ की मौत हो गई तो वही पुनीत साहू गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है की हादसे की शक्ल और भयानक होती क्योंकि हादसा घटित होने वाली पटरी पर उस समय एक दर्जन कर्मचारी कार्य कर रहे थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO:- CHHHIN/2018/76480